तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

14 अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है : वल्लभ प्रसाद

13 आम जनता को मिल रहा योजनाओं का लाभ : देवेंद्र




# सड़क किनारे नाली बनाने खोदा गड्ढा, सालभर बाद भी निर्माण अधूरा, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

लोक निर्माण विभाग द्वारा डौंडी से अदमाबाद के बीच करोड़ों की लागत से बनाई जा रही सड़क अब डौंडी के वार्ड क्रमांक 9 के नागरिकों के लिए मुसीबत बन गई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी नाली बनाने के लिए ठेकेदार ने ऐसी खुदाई की कि लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। खोदी गई मिट्टी को ठेकेदार ने सड़क पर ही डंप कर दिया है। नाली अधूरी है, जिसे साल भर बाद भी इसे नहीं बनाया गया। नागरिकों का आरोप है कि जब उन्होंने नाली से मिट्टी हटवाने की बात कही, तो ठेकेदार के आदमी दुर्व्यवहार पर उतर जाते थे। इसे लेकर लोगों में आक्रोश है।

- शीघ्र नाली निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नगरपंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 में मथाई चौक से लेकर लोक निर्माण सड़क के किनारे आरसीसी नाली का काम करना है।करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क व नाली का काम लोक निर्माण विभाग ने टेंडर निकालकर ठेका पर दिया है। वर्क अवधि पूर्ण होने बाद भी ठेकेदार अब तक नाली नहीं बनवा पाया है। यहां के निवासी पार्षद मातरम दास ने बताया कि अधूरी नाली निर्माण होने के कारण पूरा मोहल्ला परेशान है। ठेकेदार से कुछ कहो तो वह दुर्व्यवहार करने लगता है।

## डौंडी के वार्ड क्रमांक 9 के नागरिकों ने पार्षद के साथ जाकर सीएमओ से की शिकायत



### रविवार तक नाली निर्माण पूर्ण करने के निर्देश

अधूरी नाली के लिए खोदी गई मिट्टी को रोड पर ही डंप कर देने की शिकायत अध्यक्ष सोमेश सोरी ने की है। ठेकेदार को रविवार तक नाली को पूर्ण करने के निर्देशित दिए गए हैं। मधेश्वर प्रसाद कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बालोद ने बताया कि पार्षद वार्ड 09 और वार्ड वासियों की शिकायत आई है कि सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा साल भर से वार्ड की मुख्य मार्ग में अधूरी नाली निर्माण कर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि 6 माह पूर्व भी मैंने इस संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी को अवगत कराया गया था। लेकिन अभी तक कार्य चालू नहीं हुआ।



### आवागमन में दिक्कत

सड़क पर मिट्टी का ढेर होने से यहां के लोगों की गाड़ियां घर में ही बंद हो गई हैं। बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्क्त हो रही है। मवेशियों को भी घरों में बांधकर रखना पड़ रहा है। ठेकेदार ने नाली के लिए मिट्टी खोदकर सड़क पर छोड़ दी। इस मामले को लेकर वार्ड पार्षद मातरम दास वार्ड वासियों के साथ गुरूवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और सीएमओ संतोष देवांगन और अध्यक्ष सोमेश सोरी को आवेदन सौंपकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र पूर्ण करवाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर जल्द नाली निर्माण सड़क ठेकेदार द्वारा पूर्ण नहीं कराया जाता, तो हम सब वार्ड वासी अध्यक्ष के साथ आंदोलन करने बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### धान बेचने पहुंचे किसान की मौत

**डौंडीलोहारा।** धान बेचने के लिए कृषि मंडी गए एक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को ग्राम सिरपुर लो. से डौंडीलोहारा अपने पुत्र कैलाश ध्रुव के साथ आए किसान मचुलसिंग पिता अवध राम उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम सिरपुर थाना डौंडीलोहारा की करीब 12 बजे कृषि मंडी परिसर गया था। वहां अचानक उनकी तबियत खराब हो गई और वे बेहोश होकर गिर गए। उन्हें गंभीर अवस्था में तत्काल संजीवनी 108 वाहन से स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा लाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना जताई है। वहीं, सूचना पर मर्ग दर्ज कर जांच कार्यवाही में लिया गया है।

### घोघोपुरी में गायत्री महायज्ञ आज से

**गुरूर।** ग्राम घोघोपुरी में गायत्री परिवार के सौजन्य से 5, 6 एवं 7 जनवरी को गायत्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सभी संस्कार किए जायेंगे। प्रवचन संतों द्वारा होगा। ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त है।

### मानसगान व्याख्यान स्पर्धा व सम्मेलन आज से

**गुरूर।** ग्राम भानपुरी में मानस प्रचार समिति भानपुरी द्वारा छत्तीसगढ़ स्तरीय त्रि दिवसीय मानसगान व्याख्यान प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन 5 जनवरी से किया गया है, जिसका समापन 7 जनवरी को होगा। वहीं, ग्राम में 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम चन्द्र की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पांच दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को उद्घाटन समारोह दोपहर 3 बजे पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद राकेश यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा, अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता पीमन साहू करेंगी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 7 जनवरी को रात्रि 9 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा लीला राम सोनबेर होंगे, अध्यक्षता कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर तेजराम साहू करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### भर्रीगांव पुरूर में मानस गान सम्मेलन आज से

**गुरूर।** ग्राम भर्रीगांव पुरूर में तीन दिवसीय सस्वर भव्य मानस गान सम्मेलन का आयोजन 5 जनवरी से प्रारंभ होगा, जिसका समापन 7 जनवरी को होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में 5 जनवरी को मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद मीना साहू होंगी, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत आनंदपुर सुनीता साहू करेंगी। समापन कार्यक्रम 7 जनवरी को होगा, जिसके मुख्य अतिथि विजय शर्मा होंगे, अध्यक्षता एचआर साहू करेंगे। इस दौरान विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### हादसा : राजनांदगांव मुख्य मार्ग स्थित ग्राम खैरीडीह में गुरुवार को हुई दुर्घटना

# अनियंत्रित मोटरसाइकिल दीवार से टकराई, चालक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राजनांदगांव मुख्य मार्ग स्थित ग्राम खैरीडीह में गुरुवार को अलसुबह लगभग साढ़े तीन बजे राजनांदगांव की ओर से आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे स्थित एक होटल की दीवार से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार तीन लोगों में से चालक मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठे दो अन्य लोगों को जबरदस्त चोट आई है।

उन्हें नगर के शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया। विवेचना अधिकारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि ग्राम कोटागांव निवासी वरुण ठाकुर 21 वर्ष, गीतेश भुआर्य 16 वर्ष व अभिषेक ठाकुर 20 वर्ष किसी कार्य से राजनांदगांव गए थे। वापस लौटते समय सुबह-सुबह अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे झोपड़ी नुमा होटल की दीवार से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक चला रहे वरुण की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, पीछे बैठे गीतेश व अभिषेक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।



### अनियंत्रित होकर कार पलटी

**डौंडीलोहारा।** नगर से दल्लीराजहरा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बटेरा चौक के पास बुधवार रात लगभग नौ बजे दल्लीराजहरा की ओर से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं कार में सवार चार लोग बाल-बाल बचे। आसपास के लोगों ने किसी तरह से उन्हें कार से बाहर निकाला और उन्हें शासकीय अस्पताल ले गए जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भानुप्रतापपुर निवासी धर्मेंद्र सोनी, कैलाश शर्मा, डेविड तिवारी व मनीष सोनी किसी कार्य से राजनांदगांव जा रहे थे। इस दौरान बटेरा चौक के पास टायर फट जाने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जो सड़क किनारे स्थित खेत में एक पेड़ से टकरा कर रुक गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आईं। इस मामले में अभी तक किसी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।



### घना कोहरे के कारण 100 दूर की वस्तुओं को देखना मुश्किल

**बालोद।** उधर, घटना की जानकारी मिलते ही संजीवनी एम्बुलेंस के कर्मचारी राकेश और नरेंद्र घटना स्थल पहुंचे। एम्बुलेंस के कर्मचारियों ने बताया कि जब वे घटना स्थल जा रहे थे, तब काफी घना कोहरा छाया हुआ था। दुर्घटना की मुख्य वजह सम्भवतः कोहरा और तेज रफ्तार ही हो सकती है। उन्होंने बताया कि घना कोहरा छाए रहने के कारण सामने लगभग 100 मीटर की दूरी तक ठीक से दिखाई नहीं देता। वहीं, तेज रफ्तार की वजह से बाइक में नियंत्रण नहीं रख सकने के कारण यह दुर्घटना हुई होगी।

# गन्ना कटाई के दौरान खेत में दिखा अजगर, भागे मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गन्ना की कटाई करने पहुंचे किसानों ने खेत में अजगर सांप को देख डर के कारण गन्ने की कटाई कार्य बंद कर दिया। उसके कुछ देर बाद बालोद निवासी जागेश्वर ढीमर (जग्गू) ने गन्ने के खेत में जाकर अजगर सांप को बाहर निकाला, जिसके बाद गन्ने की फिर से कटाई शुरू की गई।

- युवक जग्गू ढीमर ने पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाला

पूरा मामला ग्राम जुंगेरा का है, जहां एक गन्ने के खेत में मजदूरों द्वारा गन्ने की कटाई की जा रही थी। इस दौरान मजदूरों ने खेत में अचानक अजगर सांप को देखा, जिसके बाद सभी मजदूर खेत से बाहर भागे। उन्होंने इसकी सूचना खेत मालिक को दी। इसकी जानकारी मिलने पर शहर के शिकारी पारा निवासी जग्गू ढीमर तत्काल गन्ने की खेत पहुंचे। उन्होंने अजगर सांप को पकड़कर बाहर निकाला।

### पकड़ चुके हैं कई सांप

आपको बता दें कि जग्गू ढीमर जहरीले सांप को आसानी से पकड़कर उसे सुरक्षित जंगलों में छोड़ने का काम निःशुल्क करते हैं। वे कई बार घरों तथा दुकानों में घुसे सांप को रेस्क्यू कर उसे पकड़कर जंगल में छोड़ चुके हैं। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग इनकी सहायता हमेशा लेते हैं।

# नवपदस्थ कलेक्टर चंद्रवाल ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गुरुवार को अपरान्ह संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

- निवर्तमान कलेक्टर कुलदीप ने किया स्वागत

निवर्तमान कलेक्टर श्री शर्मा ने नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल को कलेक्टर बालोद के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री चंद्रवाल के संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचने पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम बालोद शीतल बंसल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय एसडीएम गुण्डरदेही मनोज मरकाम, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री चंद्रवाल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2013 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक पद पर पदस्थ थे।



### आज इन स्थानों पर पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत शुक्रवार 05 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम देवारभाट में दोपहर 02.30 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना और बिजौरा में सुबह 10 बजे एवं ग्राम कसहीकला और सेमरडीह में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डूडिया में 10 बजे, गोरकापार में 02 बजे एवं ग्राम राहुद में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम जेवरतला में 10 बजे, ग्राम पिकरीपार में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम अरमरीकला में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम नर्राटोला में 10 बजे एवं खैरवाही में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# नेशनल खेलकर लौटे अंचल के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालिका फुटबॉल 17 वर्ष का आयोजन सारन, छपरा (बिहार) में 25 से 29 दिसंबर तक किया गया। स्पर्धा में गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी से 2 बा लि का ओं शा लि नी चौरका और प्रतिभा ठाकुर ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

- नगरवासियों ने रेलवे स्टेशन पर किया जोरदार स्वागत

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद उनके अपने गृहग्राम डोंडी लौटने पर टीम के साथी खिलाड़ियों और कोच सन्तु यादव ने रेलवे स्टेशन में फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। शालिनी और प्रतिभा डोंडी फुटबॉल क्लब की ये होनहार बालिकाओं ने अपने मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर अपनी प्रतिभा को सही साबित किया। ज्ञात हो अक्टूबर में भुबनेश्वर में आयोजित ओपन नेशनल में भी शालिनी शामिल हुई थी। बालिकाओं को नगर और जिला का मान बढ़ाने के लिए नगर के फुटबॉल प्रेमी, सभी सहयोगियों, शिव चौरका, गिरीश ठाकुर क्लब के अध्यक्ष और सदस्यों, किरण, सोनम, दीपिका, दीपलता और सभी साथी खिलाड़ियों कोच यादव ने इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### जिम्मेदार नहीं ले रहे शहर के पुराने उद्यानों की सुध

# नए गार्डन का हो रहा निर्माण, पुराने की हो रही दुर्दशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां शहर में नए गॉर्डन का निर्माण कराया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर शहर के काफी पुराने गॉर्डन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं।

शहर के सबसे पुराने बाल उद्यान जिसे पहले पहले संजारी क्लब गॉर्डन के नाम से जाना जाता था, जो अब बाल उद्यान के नाम से जाना जाता है, लेकिन गार्डन की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सालों से यहां न तो सफाई की गई है और न ही झूलों का मरम्मत की गई है। वहीं, देख रेख के अभाव में यहां के कूड़ादान भी टूट फूट गया है, जिसे सुधारने या नया लगाने सहित गार्डन को व्यवस्थित करने जिम्मेदारों द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है।




**देखरेख के अभाव में बना असामाजिक तत्वों का अड्डा**

गंगा सागर तालाब पार में स्थित गार्डन और बाल उद्यान (संजारी क्लब) यह दोनों ही गार्डन देख रेख के अभाव में बदहाल स्थिति में हैं। हालांकि समय समय पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा इनकी मरम्मत और सौंदर्यीकरण जरूर करा दिए लेकिन लंबे समय से इन गार्डन की स्थिति बेहद खराब है। देख रेख के अभाव में गार्डन असामाजिक तत्वों का डेरा बन गया है। शहर के मध्य में स्थित स्थित इन गार्डन को सुधारने और संवारने की जरूरत है।

### बूढ़ातालाब में भोजली घाट व गार्डन की स्थिति भी दयनीय

आपको बता दें कि शहर के बूढ़ापारा में स्थित बुढातालाब में भोजली घाट के साथ आकर्षक गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसमें लाखों रुपये खर्च किया गया है, वहीं नयापारा के अंदरूनी क्षेत्र में स्थित लाला तालाब को भी संवारने का कार्य जारी है, वहां भी गार्डन व तालाब को आकर्षक रूप देने सजाने संवारने के कार्य किया गया है, लेकिन शहर के सबसे पुराने गार्डन की स्थिति बेहद खराब है, इन्हें भी सुधारने की आवश्यकता है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन 6 जनवरी को सुबह 11 बजे से पेंशनर भवन शिकारीपारा में किया गया है। अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा ने बताया बैठक में वर्ष 2023 की आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष द्वारा दी जाएगी। वर्ष 2023 का वार्षिक सम्मान समारोह का कार्यक्रम 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन भानुप्रतापपुर में किया गया था। जिसकी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### जूनियर अधिवक्ताओं को मिले स्टायफंड का लाभ

दुर्ग। जूनियर अधिवक्ताओं को उनके पंजीयन की तारीख से तीन से पांच वर्ष तक 5 हजार रूपये मासिक वित्तीय, मौद्रिक सहायता प्रदान करने की मांग अधिवक्ता कमल नयन चतुर्वेदी ने की है। इस संबंध में मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में प्रेक्टिस हेतु आने वाले युवा जूनियर अधिवक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। वित्तीय, मौद्रिक सहायता की कमी के कारण अनेकों युवा जूनियर अधिवक्ता अपनी प्रारंभिक अवधि में ही इस पेशे में आगे बढ़ने के बजाय अन्य गतिविधियों में खुद को लिप्त कर लेते है। ऐसी परिस्थिति में यह अति आवश्यक है कि शासन के द्वारा युवा जूनियर अधिवक्ताओं को उनके पंजीयन की तारिख से 3 से 5 वर्ष तक न्यूनतम 5,000-00 रूपये स्टाइपंड प्रदान करने के लिए उचित व आवश्यक कार्यवाही हेतु शीघ्र पहल किया जावे।

### महादेवघाट खारुन तट पर बॉलीबाल स्पर्धा 5 से

रायपुर। मास्टर्स गेम्स संगठन छत्तीसगढ़ एवं हटकेश्वर नाथ बॉलीबाल संघ की ओर से 5, 6 एवं 7 जनवरी को महादेवघाट रायपुरा में खारुन नदी के तट पर तीन दिवसीय अखिल भारतीय मास्टर्स एवं ओपन महिला तथा पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मास्टर्स (40 प्लस) स्पर्धा में ओडीसा, बलांगीर, मॉर्निंग क्लब रायपुर, एनएमडीसी किरंदुल, दल्लीराजहरा, कोरबा, गरियाबंद, धमतरी, कवर्धा और श्रीहटकेश्वर-ए तथा श्रीहटकेश्वर- बी टीम हिस्सा लेंगी। प्रथम पुरस्कार 21 हजार एवं शील्ड तथा व्दितीय पुरस्कार 11 हजार एवं शील्ड है। ओपन पुरुष प्रतियोगिता में साईं पंजाब, साईं रायपुर, छत्तीसगढ़ पुलिस, रायगढ़, कवर्धा, भिलाई, राजनांदगांव और श्रीहटकेश्वर नाथ टीम हिस्सा लेंगी। ओपन महिला प्रतियोगिता में कोलकाता, साई रायपुर, भिलाई, शांति नगर भिलाई, खमरिया तथा श्रीहटकेश्वर नाथ टीम भाग लेंगी। महिला ओपन प्रतियोगिता में 11 हजार रुपए व शील्ड प्रथम तथा 7 हजार रुपए एवं शील्ड द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे।

### महिला वर्ग जूनियर फेंसिंग का खिताब हरियाणा के नाम

रायपुर। 31 वीं राष्ट्रीय जूनियर फेंसिंग चैम्पियनशिप 2023-24 का समापन बुधवार को हो गया। फॉयल टीम चैम्पियनशिप के पुरुष वर्ग में मणिपुर एवं हरियाणा के बीच खेले गए फाइनल में मणिपुर ने 45 -32 से जीता। कांस्य पदक राजस्थान एवं गुजरात ने आपस बाँट लिया। एपी इवेंट टीम चैम्पियनशिप के मुकाबले में महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के मध्य खेला गया। जिसे महाराष्ट्र ने 45 - 34 से जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। कांस्य पदक चंडीगढ़ एवं हरियाणा के नाम रहा। महिला वर्ग के टीम चैम्पियनशिप मुकाबले सेबर इवेंट में हरियाणा एवं महाराष्ट्र के मध्य खेले गए जिसे हरियाणा ने 45 - 30 से जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया कांस्य पदक मणिपुर एवं केरला के मध्य बंट गया।

# अभिनंदन समारोह में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज, बनेगी रणनीति

**संभाग बैठक में सभा की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा में जीत के बाद उर्जा से भरे भाजपा द्वारा आगामी छः जनवरी को दुर्ग में संभाग स्तरीय अभिनंदन सामारोह आयोजन किए जाने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आलावा प्रदेश स्तर के दिग्गज नेता और जिला प्रभारी मौजूद रहेगे। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन भी होगा।

बुधवार को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में संभाग बैठक आयोजित कर कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह की तैयारियों और अन्य मुद्दों पर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी के मार्गदर्शन में चर्चा हुई। बताया कि आगामी 6 जनवरी शनिवार को दुर्ग में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह होगा, इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आगमन होगा। इस दिन संभाग की सभी 20 सीटों में संपन्न विधानसभा चुनाव की समीक्षा बैठक आहूत करनी है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक और जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने किया। आभार प्रदर्शन भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने किया।

**रविशंकर स्टेडियम में होंगे आयोजन**

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के प्रथम आगमन की तैयारी को लेकर जिला भाजपा दुर्ग जिला संगठन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है, दुर्ग संगठन जिले के 5 में से 4 सीटों पर कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष की बदौलत भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर भूपेश सरकार के मंत्री स्तर के लोगों को हराया है। अवलोकन पश्चात जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में पंडित रविशंकर स्टेडियम को कार्यक्रम स्थल के लिए चयनित किया गया।



**नए मतदाता को जोड़ने बनेगा कार्यक्रम**

इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधित करने के काम में तेजी लाने और राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व घर घर जनता से संपर्क के साथ 22 जनवरी का दिन हर्षोल्लास से मनाने की कार्ययोजना बनी। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से सभी मोर्चों की विधानसभा स्तरीय सम्मेलन और नव मतदाता सम्मेलन करने का भी निर्देश दिया गया।

**प्राण प्रतिष्ठा : राम के ननिहाल से बढ़-चढ़कर प्रदेशवासी दे रहे योगदान**

# अयोध्या के लिए तीन सौ टन चावल रवाना, घर-घर दे रहे आमंत्रण कार्ड

**आगामी 22 जनवरी को हर घर में ग्यारह दीए जलाने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 22 जनवरी को आयोध्या के मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए दुर्ग जिले से 42 सौ टन चावल भेजने का टारगेट रखा गया है। जिसमें अब तक तीन सौ टन चावल राईस मिलरों के सहयोग से भेजा जा चुका है। अभी जिले के करीब चार लाख घर में डोर टू डोर मंदिर का चित्र और आयोध्या से आए पीला चावल देकर मंदिर आने का निमंत्रण दिया जा रहा हैं।

इस अभियान के लिए दुर्ग और भिलाई संगठन से कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि, आगामी बाईस जनवरी को आयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इसके लिए विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल सहित सनातनी इस अभियान में जूट गए है। जानकारी अनुसार दुर्ग नगर में तीस हजार निमंत्रण पत्रक बांटे जा चुके है। इस अभियान में जिन्हें योगदान देना है, वे वार्ड में इस अभियान के तहत बनाए गए संयोजक से संपर्क कर चावल आदि दे सकते है।





**चरण पादुका का दुर्ग में स्वागत**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य आयोजन होने जा रहा है जिसके चलते श्रीलंका से श्री रामवन गमन के रास्ते होते हुए चरण पादुका को अयोध्या जाने पर दुर्ग शहर के पटेल चौक पर श्रीलंका से श्री रामवन गमन के रास्ते होते हुए अयोध्या जाने वाली यात्रा जिसमे श्रीराम के चरण पादुका को धेमप्रेमियो के दर्शन के साथ ही अयोध्या ले जाने आज नगर आगमन पर भव्य स्वागत फूल माला, भगवा गमछा एवं पटाखे के साथ किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सौरभ देवांगन जिला सह संयोजक खेमलाल सेन जिला सह संयोजक पिंटू जाल शहर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नरसिंह सिंहा, नगर सह संयोजक नरसिंग सिन्हा, भिलाई नगर सह संयोजक रवि नाग, टोमन साहू, नितेश सिंहा, बिट्टू सिंहा, यश देवांगन, रोशन गुप्ता, कमलेश मालेपुरे, रोहित टांडेकर, आयुष, जीतू साहू, रानू साहू, तुले साहू, सोनू साहू, किशन साहू आदि उपस्थित थे।

**दुर्ग से 11 टन, प्रदेशभर से भेजे 3 सौ टन**

दुर्ग जिले से मिलरों द्वारा आयोध्या में ग्यारह टन चावल भेजे गए है। राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनित जैन ने बताया कि, डेढ ट्रक में चावल भेजा गया है। वहीं विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स द्वारा एकत्रित सुगंधित 300 मेट्रिक टन चावल भगवान राम के ननिहाल से अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। आगामी बाईस जनवरी को खास बनाने हर घर में करीब ग्यारह दीए जलाने की अपील की जा रही है, वही इस दिन घर को आकर्षक झालरों और लाइटों से सजाकर दीपावली की तरह पर्व मनाने की भी अपील हो रही है।

**होली पर्व के बाद जाएंगे राम से मिलने**

भाजपा द्वारा आयोध्या में राम मंदिर के दर्शन कराने का वादा किया गया था। जिसके तहत ऐसी चर्चा हैं कि, होली पर्व के बाद लोगों को इसका लाभ मिल सकता है। हांलाकि अभी लोगों से अभियान में जुडने की अपील की जा रही है। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता, विहिप, बजरंग दल और सनातनी संगठन इस कार्य में लगे हुए है। दुर्ग शहर के लिए जिला संयोजक पंचराम मारकंडे, सह संयोजक तोरण लाल सिन्हा, दुर्ग नगर संयोजक प्रमोद वाग, सह संयोजक सुनील वैष्णव व रामलोचन तिवारी है।

## छग अग्रवाल प्रांतीय सम्मेलन में होगें विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा पिछले पन्द्रह साल से अग्र अलंकरण सामारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार संगठन द्वारा आगामी तेरह और चौदह जनवरी को राजनांदगांव के अनंत पैलेश होटल में प्रदेशस्तरीय सम्मेलन किए जाने की तैयारी जोरो से की जा रही है। इसके लिए विविध प्रतियोगी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में संगठन के प्रदेशस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सम्मेलन में भाग लेगे। संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि, संगठन द्वारा अठारह तरह के विधा में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिसमें शिक्षा, खेलकूद, समाज सेवा, धर्मशाला, गौशाला जैसे क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वालों को अग्र अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने बताया कि, इसके आलावा निबंध प्रतियोगिता रखा गया है, जिसमें अधिक उम्र में विवाह के दुष्परिणाम और संतान उत्पत्ति में विरक्ति जैसे विषयों पर लेख प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

**भेंट...**



बालोद। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आज भेंट की। श्री यादव ने स्वास्थ्य मंत्री से जिले में बेहतर स्वास्थ सुविधाओं एवं व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

## नई दिल्ली के भारत मण्डपम में स्व सहायता समूह के उत्पादों का लगाया जाएगा स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दिल्ली में 3 से 10 जनवरी तक आत्मनिर्भर उत्सव

2024 भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके द्वारा बनाएं गए समूह उत्पाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में 03 से से 10 जनवरी तक आत्मनिर्भर भारत उत्सव का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

इस उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर समस्त राज्यों के चिन्हांकित स्व सहायता समूहों एवं उनके उत्पादों को विक्रय एवं प्रचार-प्रसार हेतु स्टॉल प्रदान किया गया है। भारत सरकार के इस आयोजन से स्व सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच तो मिला ही है साथ ही उनके उत्पादों के विक्रय से आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।




उक्त आयोजन में दुर्ग शहर नगर के डेएनयूएलएम कार्यक्रम अंतर्गत संचालित नन्नत दुर्गा बचत एवं साख मुस्कान स्व सहायता समूह को उनके उत्पादों सहित नई दिल्ली आमंत्रित कर स्टॉल प्रदान किया गया है। यह हमारे शहर एवं शहर में संचालित स्व सहायता समूहों एवं उसमें सक्रिय रूप से कार्यरत महिलाओं के लिए गौरवान्वित करने वाला है। समूह की महिलाओं द्वारा भारत सरकार एवं डेएनयूएलएम नगर पालिक निगम का उक्त आयोजन में भागीदारी प्रदान किये जाने हेतु धन्यवाद किया गया है। साथ ही ऐसे अवसरों से निकायों में कार्यरत स्व सहायता समूह के प्रतिभा को निखारने में मदद प्राप्त होती है।

### कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 25 तक

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-ग्रामीण द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन 14 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य होना संभावित है। सामूहिक विवाह पूरे विधिविधान से सम्पन्न किया जायेगा। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत प्रति जोड़े हेतु कुल 50 हजार रूपये व्यय किये जाने का प्रावधान है। जिसमें 21 हजार रूपये वधु को चेक अथवा खाते में, 21 हजार रूपये विवाह भेंट सामग्री एवं शेष राशि विवाह आयोजन में व्यय किया जाना है। पात्रता हेतु वर 21 वर्ष व वधु 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। वर-वधु के निवास हेतु छग मूल निवासी प्रमाण-पत्र अथवा पार्षद द्वारा सत्यापित निवास प्रमाण-पत्र मान्य होगा। एक पालक की दो बालिकाएँ ही योजना हेतु पात्र होगी। इच्छुक आवेदक 25 जनवरी तक नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पांच बिल्डिंग परिसर कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## विवि के अधिकारियों ने किया 12 महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नहीं मिला नकल का एक भी प्रकरण

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा 28 दिसंबर से जारी सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रथम सप्ताह व्यतीत हो जाने तक विवि के अधिकारियों ने 12 महाविद्यालयों का निरीक्षण किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रतिदिन विवि के अधिकारी निरीक्षण कर रहे है। लगभग सभी परीक्षा केन्द्रों पर सेमेस्टर परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित मिली तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।



डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार दो समूहों में विभक्त अधिकारियों के प्रथम समूह में डॉ. प्रशात श्रीवास्तव, उपकुलसचिव, राजेन्द्र चौहान तथा सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी व द्वितीय समूह में क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. दिनेश नामदेव, वित्त अधिकारी, सुशील गजभिये, सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार शामिल थे। जिन महाविद्यालयों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया उनमें भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई, स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको भिलाई, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, सेठ आर. सी. एस. कॉलेज, दुर्ग, घनष्याम आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग, शासकीय कमला देवी राठी महाविद्यालय, राजनांदगांव, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव, कांफ्लूएंस कॉलेज, राजनांदगांव, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई, सांई महाविद्यालय, सेक्टर 06 भिलाई, देवसंस्कृति कॉलेज, खपरी, दुर्ग, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई शामिल है। कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने विवि में अधिकारियों की बैठक लेकर बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजन संबंधी निर्देश दिये ।

**विज्ञान केन्द्र अंजोरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

# कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- किसानों को दी गई बुनियादी जानकारी

ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसेंसी भारत सरकार द्वारा ऊर्जा, जल संरक्षण और कृषक को जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला 3 जनवरी 2024 को कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा दुर्ग में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के लगभग 70 कृषक उपस्थित हुए। इन्हें फसल परिवर्तन, जल संरक्षण एवं ऊर्जा दक्ष पंप के बारे में जानकारी दिया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय शाक्य, निदेशक विस्तार शिक्षा, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्व विद्यालय दुर्ग ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण के बारे में अवगत कराते हुए नयी तकनीकों के साथ कृषि किये जाने हेतु किसानों को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विकास खुणे कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण के महत्व को बताते हुये बचत हेतु किसानों को फसल चक्र परिवर्तन, गर्मी में धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु कृषकों से आह्वान किया। डॉ. उमेश पटेल, मृदा विशेषज्ञ ने कृषि में जल मितव्ययता तथा विपरीत परिस्थिति में फसल नष्ट होने पर फसल बीमा कराने, टपक एवं स्प्रींकलर द्वारा सिंचाई के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित कृषकों को प्रदान की।




**उर्जा संरक्षण की दी गई जानकारी**

क्रेडा विभाग के अधीक्षण अभियंता भानुप्रताप एवं जिला प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा ऊर्जा संरक्षण के विषय में वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व दिशा-निर्देशों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण के बारे में विभिन्न तरीकों, उपायों के बारे में बताया गया। सौर ऊर्जा चलित उपकरणों, कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

**जल संरक्षण के लिए गया संकल्प**

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विषय विशेषज्ञ दिनेश सिन्हा (सोलेक्सी इको पॉवर), यतेश वर्मा (के.वाय. एनर्जी) एवं रौनक लुथरा (ऊर्जा टेक्नालॉजी) द्वारा ऊर्जा दक्ष पंपों में ऊर्जा बजत की जानकारी दिया गया, जिससे कृषकों द्वारा भविष्य में कृषि कार्य के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग एवं फसल चक्र अपनाते हुए जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में क्रेडा से तारिका दामले (उप-अभियंता), डिहवारिन ऊईके (लेखा प्रभारी), हरीश श्रीवास्तव (उप-अभियंता), कु. यामिनी देवांगन एवं क्रेडा के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## आनंद सरोवर में किया गया पुण्यतिथि का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित ₹आनंद सरोवर₹ में ज़ोन के क्षेत्रिय निर्देशक एवं ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश भाई एवं छत्तीसगढ़ की संचालिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अविराज चावला (वाइस चेयरमैन पर्सन सेमटेक युनिवर्सिटी भोपाल) संतोष रुंगटा चेयरमेन रुंगटा ग्रुप कॉलेज, भानु प्रताप सिंह (मुख्य वन संरक्षक रायपुर), इंजीनियर पीपी ताम्रकार, डॉ. रेखा गुप्ता (पूर्व सिविल सर्जन) जिला चिकित्सालय दुर्ग, प्रेमप्रकाश गुप्ता (पूर्व मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश) व सुषमा दुबे ने अपनी ओर से दोनों विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## खबर संक्षेप

### हिंदी विषय वालों की शीघ्र होगी पदोन्नति

**बालोद।** दुर्ग संभाग में भी हिंदी विषय पर पदोन्नति जल्द होगी, शालेय शिक्षक संघ ने इस ओर प्रयास किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि दुर्ग संभाग के सहायक शिक्षकों को पिछले वर्ष बड़ी संख्या में प्राथमिक प्रधान पाठक तथा शिक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। चूंकि पदोन्नति विषयवार दी गई, इसलिए हिंदी और संस्कृत विषय में कोर्ट स्टे लग जाने की वजह से इन दोनों विषयों को छोड़कर बाकि अन्य सभी विषयों पर पदस्थापना दे दी गई थी। शालेय शिक्षक संघ लगातार इन दोनों विषय पर भी पदस्थापना जारी हो इसके लिए प्रयासरत रहा। इसके लिए संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिलाध्यक्ष बालोद जितेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष बेमेतरा सत्येंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राजनांदगांव विष्णु शर्मा, जिलाध्यक्ष कवर्धा शिवेंद्र चंद्रवंशी सहित प्रमुख पदाधिकारियों ने दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय से सम्पर्क कर पदस्थापना मे आ रही अवरोध को दूर करने का प्रयास किया।

### युवा धोबी समाज के प्रदेश महासचिव बने दीपक

**अंडा।** दीपक निर्मलकर को युवा धोबी समाज के प्रदेश महासचिव एवं



दुर्ग जिला संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देश अनुसार युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर (बाल्को कोरबा) ने प्रमुख पदाधिकारियों की अनुशंसा पर की है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना डौण्डीलोहारा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 15 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एकीकृत बाल विकास के परियोजना अधिकारी ने बताया कि डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केंद्र कोचेरा 3, गोटीटोला, रूपुटोला, हुच्चेटोला, कुदारी, हितापठार 2, कोबा 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र खैरा 1 में आंगनबाड़ी कार्यकता पद पर भर्ती की जाएगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2023–24 के लिए कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 15 जनवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक 25 जनवरी एवं संक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 10 फरवरी है। उन्होंने ने बताया कि यह विद्यार्थियों के ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम अवसर होगा। इसके बाद शिक्षा सत्र 2023–24 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर नहीं प्रदान किया जाएगा।

**कार्यक्रम**

शहर से लेकर गांवों तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# आम जनता को मिल रहा योजनाओं का लाभ : देवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा सम्पूर्ण देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की सारी योजनाएं लोगों तक पंहुच रही है।

भारत विकसित संकल्प यात्रा के जिला संयोजक व भाजपा जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल ने बताया कि भारत जो वर्तमान में विकास शील देश है उसे पूर्ण विकसित देश बनाने का सपना को साकार करने का संकल्प भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली है जिसे सम्पूर्ण जन सहयोग से पूरा करना चाहते हैं। इसके लिए अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक रूप से सक्षम बनाना इनका परम ध्येय है, इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ में भी विकसित संकल्प यात्रा पंचायत व नगरीय निकायों के माध्यम से गांव- गांव व शहर- शहर पहुँच रही हैं, जहाँ पर शिविर लगाकर केन्द्र सरकार के जनहितैषी योजनाओं को सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत प्रमुख रूप से आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, स्वच्छता अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन धन योजना, किसान बीमा योजना जैसे अनेक योजनाएं शामिल हैं। बताया गया जिस भी व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, वे शिविर में जाकर अपना आवेदन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि लोगों को अवश्य इसका लाभ दिलवाये बालोद जिले में प्रत्येक दिन 12 पंचायतों में यात्रा पहुंच रही है। अब नगरीय निकायों में यात्रा पहुंच रही हैं। इसके तहत बालोद नगरपालिका व डौंडी लोहारा नगर पंचायत में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं डौंडी लोहारा नगर पंचायत के कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहाँ पर नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अन्टागढ़ के पूर्व विधायक भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पिछले दिनों ग्राम पंचायत बटेरा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची थी, जहाँ अनेक लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड, गैस कनेक्शन उज्जवला योजना के तहत वितरण किया गया, जहाँ भी अनेक जनप्रतिनिधियों सहित आम जन उपस्थित हुए।



## मुड़गहन में मितानिनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत मुड़गहन में मितानिनों का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अनूपा साहू ने मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल बांटते हुए कहा कि मितानिनें निःस्वार्थ सेवा कर जनजन की देखभाल कर रही है। जन्म से मृत्यु हर परिस्थिति में वे गांव वालों से सहयोग करती हैं।

गांव में स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में मितानिनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। समाज को दिशा दशा देने में मितानिनों का भूमिका प्रेरणा से परिपूर्ण हैं। उपसरपंच प्रीतम सिंह सोरी ने कहा कि मितानिनों ने गांव के लोगों को जानकार सशक्त होने में सहयोग किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने मितानिन कार्यक्रम का उद्देश्य बताया और कहा कि जिनता भी सुरक्षित प्रसव हो रहा है, इसका श्रेय गांव के मितानिनों को जाता है। मितानिनें शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य उनके बच्चों के टीकाकरण, ऊपरी आहार, बीमार होने पर उचित उपचार की सलाह देती हैं, जिससे सुरक्षित प्रसव सम्पन्न होता हैं। इसके लिए मितानिनों को श्रेय दिया जाना चाहिए।

इस अवसर मितानिन चंपा साहू, पूर्णिमा यादव, जानकी मांडवी, मितानिन प्रशिक्षण सूखी उईके, सचिव मदन लाल कोवाची, रोजगार सहायक रामदयाल ठाकुर, पंचगण बसंती बाई, अमरोतीन बाई, बिटान बाई एवं गांव के भूतपूर्व उपसरपंच संतराम सोरी, भृत्य रोहित कुमार सोनवानी उपस्थित थे।

## समूह नृत्य में मंजू और टीम प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदिवासी विकास विभाग बालोद द्वारा 3 जनवरी को पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रवास बालोद में गुरू घासीदास बाबा जयंती मनाई गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चंद्राकर ने बताया कि गुरू घासीदास जीवनी के संबंध में पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, बालोद, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास बालोद एवं प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास बालोद के छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में हेमलता प्रथम स्थान, रेश्मी द्वितीय स्थान तथा प्रेरणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार सामूहिक नृत्य में मंजू एवं साथी ने प्रथम, भानेश्वरी एवं साथी ने द्वितीय स्थान तथा रश्मि एवं साथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि चित्रकला में हर्षा ने प्रथम, यामिनी ने द्वितीय एवं कुरोहणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने चलाया जागरुकता अभियान

### ग्राम पंचायत कलंगपुर में लगा 7 दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही का सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत कलंगपुर में आयोजित हुआ। शिविर में युवाओं के व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, स्वच्छता ही सेवा, जल संवर्धन, प्लास्टिक मुक्त भारत, मेरी माटी मेरा देश व सुधा का संवर्धन, वीरों का अभिनंदन और नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित जनजागरुकता के कार्य किए।

सात दिवसीय जनजागरण शिविर में राष्ट्रपति, राज्यपाल सहित पचास विविध पुरष्कारों से सम्मानित सेवा निवृत्त प्राचार्य सीता राम साहू श्याम, केशव साहू, एमएल साहू, रमेश यादव, रामजी विश्वकर्मा, नीता विश्वकर्मा वरिष्ठ कवयित्री कोरबा, थानमल जैन, कौशल गजेंद्र, टेकराम पटेल का बौद्धिक सत्र में व्यक्तित्व विकास परविचार



दिए। सीता राम साहू द्वारा ओज पूर्ण कविता और बूझो बूझो गोरखाना अमृत वाणी की भावपूर्ण गीत के साथ शिविरार्थियों एवं ग्रामवासियों को आनंदित कर दिए। रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा, उपसरपंच राजेंद्र जैन, सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, पूर्वसरपंच एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गोविंद सिन्हा, सोमन कुल्हार, मोजीराम साहू, मानस कुलहरे, चंद्रेश जैन, जितेंद्र जैन सहित नागरिक और ग्राम पंचायत से सदस्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। शिविर के समापन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र हेमंत साहू, पूर्व जनपद सदस्य दिलीप कुमार कुल्हार, डोंगरमल जैन, ज्ञानेश्वर साहू, पूर्व सरपंच शीला साहू, पूर्व जनपद सदस्य प्रतापचंद जैन, कुशल साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष लोकेश साहू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थिति में संपन्न हुआ। आतिथ्य उद्बोधन में पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा की समाज को सुधारने में युवाओं की भागीदारी जरूरी है की भावनाओं के साथ शिविरार्थियों और दर्शक दीर्घा को शुभकानाएं दिए। जिसमे कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, कोमल कुल्हार, संरक्षक प्राचार्य एके चौधरी, एमके चंद्राकर, शीतल ठाकुर, ग्रुप लीडर अमित सोनकर, हर्ष सोनकर, यामिनी, टिकेश्वरी निषाद, दीपिका के निर्देशन में शिविर सम्पन्न हुई।

## गुंडरदेही में लगाई देसी व्यंजनों की प्रदर्शनी



**बालोद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही के अंतर्गत गुण्डरदेही नगर के बाजार चौक में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत स्टॉल लगाकर पौष्टिक सब्जियों, फल, अंकुरित अनाज एवं रेडी टू ईट सहित उससे बने स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत संकल्प लेकर हस्ताक्षर किया गया, जो कि इस बात के लिए था कि बेटियों को आगे बढ़ाएंगे एवं उनके सुनहरे भविष्य के लिए उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाकर सशक्त बनाएंगे। सेल्फी जोन में सभी लोगों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के महत्व को समझकर सेल्फी भी खिचवाई। इसके साथ ही रैली भी निकाली गई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु रंगोली प्रतियोगिता, स्वस्थ शिशु स्पर्धा आयोजित की गई। इस दौरान इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी खलेश्वरी नाग, सेक्टर पर्यवेक्षक नम्रता चन्द्राकर, कोमल कोहाने एवं अन्य कर्मचारी व नगरवासी शामिल हुए।

## सीटू ने जताया हिट एंड रन कानून का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में दल्ली राजहरा के संयुक्त यूनियन हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन ( सीटू) छत्तीसगढ़ माइन्स श्रमिक संघ और संयुक्त खदान मजदूर संघ एटक ने दल्ली राजहरा के जैन भवन चौक में आम सभा कर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया। आम सभा को संबोधित करते हुए हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन (सीटू) के उपाध्यक्ष कामरेड विनोद मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी जब से बैठी है वह नागरिकों के लिए नए-नए कानून लाकर परेशान करने का काम कर रही है। किसानों को परेशान करने के लिए उन्होंने कानून लाया था जिसका सैकड़ों किसानों ने विरोध किया नेशनल हाईवे को जाम करना पड़ा। कई किसान रोड पर लंगर डालकर दिन रात बैठकर इसका विरोध किया। कई किसान मौत के गोद में भी समा गए, तब जाकर मोदी सरकार को कानून वापस लेना पड़ा। उन्होंने

■ दल्ली राजहरा के जैन भवन चौक में आमसभा कर किया प्रदर्शन



मजदूरों को परेशान करने के लिए श्रम कानून लाया था जिसका मजदूरों ने भी विरोध प्रकट करने के लिए आंदोलन किया था। अब उन्होंने परेशान करने का नया लक्ष्य निर्धारित कर ट्रक और बस ड्राइवर को निशान साधा है। उनको परेशान करने के लिए हिट एंड रन के नाम से भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) लाया है। इस धारा के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है। घटना के तुरंत बाद किसी पुलिस या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बिना भाग जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। यदि दुर्घटना के बाद वह ना भाग कर पुलिस या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना देता है, तो उसे 5 साल की सजा और जुर्माना लगाया जा सकता है। इन दोनों धाराओं में सजा 3 साल से अधिक है इसलिए यह दोनों धाराएं गैर जमानती है। सरकार ऐसी धाराएं ला रही है जिससे ड्राइवर का काम करने वाले व्यक्ति असमंजस में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कानून जो लोगों को परेशान और हताश करने वाली हैं, उन्हें वापस लेने के लिए हम सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार अपने दमन पूर्ण नीति और कानून को देश की जनता के ऊपर लागू करने से बाज आए।

कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, संयुक्त खदान मजदूर संघ के कामरेड अनिल यादव, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड सोमनाथ उइके ने भी संबोधित किया7 आमसभा में हिंदुस्तान स्टील इंप्लाइज यूनियन से अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सिमैया कामरेड विनोद मिश्रा कामरेड जे गुरुवुलू कामरेड संतोष साहू कामरेड विजय देवांगन संयुक्त खदान मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव कामरेड अनिल यादव छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक कामरेड जनक लाल ठाकुर छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष कामरेड सोमनाथ उइके एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## बोदल में लगा एनएसएस शिविर



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बोदल में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के द्वारा 2 से 8 जनवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन जारी है।

जहां इस विद्यालय के 30 छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। शिविर का शुभारंभ 2 जनवरी को किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दीपक साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य सुब्बाराव ने किया एवं विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बोदल तीर्थ देवी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अचौद उत्तरा चन्द्राकार, बलराम अंगारे, बसंत चन्द्राकर, आरएस यादव, अल्का साहू, केपी साहू, प्रशांत साहू, डीएल



साहू, पंच गन एवं समस्त शिक्षक साथी व गाम़ीन उपस्थित थे।

कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू के द्वारा विस्तार पूर्वक शिविर की जानकारी दी गई तथा अतिथियों द्वारा स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों द्वारा गांव की तालाब पार एवं चौक चौराहे की साफ सफाई कर स्वच्छता व युवा नशा मुक्त का संदेश दे रहे हैं।

**समाज ने जीत की बधाई दी और आर्थिक सहायता मांगी**

## झेरिया धोबी समाज के पदाधिकारियों ने सांसद मंडावी से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

झेरिया धोबी समाज दल्ली राजहरा परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने सांसद मोहन मंडावी से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सामाजिक गतिविधियों के लिए आर्थिक मांग की।

सांसद मोहन मांडवी के समक्ष दल्लीराजहरा धोबी समाज परिक्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने समाज में एकता और संगठित होने की जानकारी देते हुए विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने सहित अन्य मुद्दों को लेकर सकारात्मक चर्चा की। इसके साथ ही समाज में विभिन्न प्रकार



की समस्याओं के निदान करने, निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों के लिए आर्थिक सहायता राशि की मांग की। इस पर सांसद मोहन मंडावी ने सहमति जताते हुए आश्वासन दिया।

झेरिया धोबी समाज परिक्षेत्र दल्ली राजहरा के पदाधिकारियों ने अपने परिक्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह निर्मलकर के नेतृत्व में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी से कांकेर जिला मुख्यालय स्थित गोविंदपुरा सांसद निवास स्थान में मुलाकात की। इस दौरान समाजिक बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने धोबी समाज समाजिक भवन संधारण जीर्णोद्धार एंव भवन में दूसरी मंजिल भवन निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रुपये सांसद निधि से प्रदान करने की मांग की। इसके साथ ही धोबी समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर झेरिया धोबी समाज के अध्यक्ष प्रेम सिह निर्मलकर, तुकाराम निर्मलकर, सलाहकार नरेश रजक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भुवनेश्वर निर्मलकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आंनद निर्मलकर, सचिव मनमोहन निर्मलकर, सहसचिव गणेश निर्मलकर एवं कोषाध्यक्ष भूषण कुमार निर्मलकर उपस्थित थे। लोकसभा सांसद मोहन मंडावी ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रमुखता से विचार करने का आश्वासन दिया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### गुरुर में हुआ गायत्री यज्ञ विधायक संगीता हुईं शामिल

**गुरूर।** श्री राम मंदिर गुरुर में पांच कुंण्डलीय गायत्री यज्ञ में विधायक संगीता सिन्हा सम्मिलित हुईं। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू भी रहे। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों ने दूसरी बार विधायक बनने पर संगीता सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया।

### मुलाकात...



**बालोद।** महिला मोर्चा महामंत्री डॉक्टर मोना टुवानी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। डॉ. मोना टुवानी ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दौरान बालोद जिले की राजनीतिक को लेकर चर्चा भी की। डॉ. मोना टुवानी ने बताया कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता बनाए रखने की बातें कहीं। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी सक्रियता बनाए रखते हुए गांव–गांव पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### भाजपा पदाधिकारियों ने पोंडी धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**बालोद।** आदिम जाति सेवा सहकारी पोंण्डी खरीदी केंद्र का निरीक्षण मण्डल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, समिति उप प्रबंधक मनोज साहू एवं भाजपा नेता दिनेश साहू, धर्मेंद्र साहू, अजय साहू ने किया। प्रबंधक ने कहा कि बारदाना की समस्या एवं परिवहन, धान की उठाई कम होने की समस्या का समाधान किया जाए तथा किसानों को हर सुविधा मिले इसका ध्यान रखा जाता है।

### डांडेसरा में एनएसएस शिविर जारी



**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम डांडेसरा में जारी है। शिविर में तृतीय दिवस मे बौद्दिक परिचर्चा कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरूर व्हीके चन्द्रप्रभा ने उपस्थिति प्रदान की। बहन जी ने रासोयो के स्वयंसेवकों एवं ग्राम के ग्रामवासियों को नशा उनमुलन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने उनके द्वारा बताई गई बातों को ध्यान पूर्वक सुना और अपने जीवन में उतारने एवं जीवन शैली को सात्विक बनाने की प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम अधिकारी केआर भंडारी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी एलएन ध्रुव उपस्थित थे।

## प्रवचन : ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा जारी, बताई श्री कृष्ण जन्म की कथा

# अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है : वल्लभ प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था।

भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। उक्त बातें ग्राम ठेकवाडीह में भागवत कथा प्रवचन करता संत बल्लभ प्रसाद बल्ले शर्मा ने कही। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पांचवे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। उन्होने बताया कि जब संत ने कहा कि जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं, जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। भागवत कथा में ईश्वर साहू, गंगाबाई, बृजराज साहू, डोमार साहू सहित पूरे परिवार का सहयोग के साथ बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## संत वीरेंद्र ने 19 गांवों के ग्रामीणों को सौंपा अक्षत कलश

**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को जिले के प्रसिद्ध कामधेनु मन्दिर ग्राम भेड़ी सुरेगांव में पूज्य गुरुदेव संत बीरेंद्र देशमुख के सानिध्य में 19 ग्राम के समिति को अयोध्या नगर से आये पूजित अक्षत कलश का वितरण किया गया। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में क्षेत्र के लगभग 900 लोगों की उपस्थिति में संत जी ने हिंदू धर्मसेवकों को कलश वितरित किया। इस अवसर पर ग्राम गोड़मर्रा से पीलालाल देशमुख,झिटिया से यादराम साहू,सुरेगांव से झगरलाल देशमुख,हड़गहन से नरेंद्र हिरवानी मनकी से रमाकांत विश्वकर्मा,चीचा से लोकेश कुमार साहू,सलोनी से राकेश देशमुख,दनिया से खुमान सिंह देशमुख,बीरेतरा से दिनेश गांधी,भांठागांव बी से शेषनारायण मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणजन शामिल रहे। बालोद जिला में 1 से 15 जनवरी तक रामजन्मभूमि न्यास तीर्थ घर घर संपर्क अभियान के तहत हर हिंदू परिवारो तक पहुंचकर उनको अक्षत,रामजी की फोटो,व आमन्त्रण पत्र देना है। मन्दिर के संत वीरेंद्र देशमुख के अगुवाई में सुरेगांव,अर्जुन्दा क्षेत्र से लगे गांवों में यह आयोजन बड़े स्तर पर प्रारंभ किया गया है।





## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलता है मोक्ष

■ बाबा मोंहदीपाठ मंदिर में गुरुदेव संत निरंजन महाराज सुना रहे भागवत कथा

**बालोद/निकुम/अंडा।** बाबा मोंहदीपाठ मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक गुरुदेव संत निरंजन महराज के श्रीमुख से सुमधुर संगीतमय कथा में दूसरे दिन राजा परीक्षित के जीवनकाल के कथा को विस्तार वर्णन किया। उन्होंने श्रध्दालुओं को कथा बताते हुए कहा कि जब राजा परीक्षित ने ऋषि समीकमुनि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया, वहीं कौशिकी नदी में स्नान कर रहे उनके पुत्र श्रृंगी ऋषि व्यथित होकर राजा परीक्षित को श्राप देकर तक्षक नाग के द्वारा सातवें दिन काटने से मौत का श्राप दे दिया। तब गंगा किनारे जाकर इससे मोक्ष पाने का उपाय पूछा। वही, इसका केवल एक मात्र उपाय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मोक्ष मिली, इस कथा को सुनकर भाव विभोर हुए।

कथा में बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने मोक्ष का द्वार खुल जाता है, सच्चे ह्दय, मन, वचन कर्म से हम जब नारायण को पुकारते है, वह स्वंय आ जाते है, क्योकि मनुष्य तो केवल माया रुपी मकड़ी की जाल में फंसकर उलझता जाता है, वही जीवन में संतो का क्षण और अन्न का कण जीवन में बिल्कुल ना गंवाये।



इस कथा में परीक्षितस्वरुप सरंपच सुशीला देवांगन व लखन लाल देवांगन है। वहीं कथा में जयंत्रीदेवी, गीता देवी, सुरेश, पुष्पा, नरेश देवागन, दिव्या सहित सैकड़ों की संख्या में श्रध्दालुगण कथा श्रवण कर रहे है, वही 5 जनवरी को श्रृष्टि वर्णन, विदूर कथा, वाराह अवतार, सती चरित्र, शिव विवाह की कथा होगी।

# हितग्राहियों को मिली रसोई गैस व आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

ग्राम खुटेरी रंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हितग्राहियों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। शिविर में 20 हितग्राहियों को उज्वला गैस के अंतर्गत रसोई गैस प्रदान किया गया। 15 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, पशु केसीसी ऋण, राष्ट्रीय पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे पूर्व विधायक बिरेंद्र साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लेखराम साहू, जनपद सदस्य ममता निजानंद चन्द्राकर, टोमन लाल साहू, सांसद प्रतिनिधि थानसिंग मंडावी, सरपंच ग्राम पंचायत खुटेरी रंग नविता साहू, महामंत्री सौरभ चोपड़ा, मोपेन्द्र साहू के आलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना, पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही डॉ. मौसमी यादव, अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी सोमनाथ साहू, खाद्य अधिकारी वर्मा, जनपद अधिकारी हिड़को, पूर्व सरपंच पृथ्वी राम साहू, उपसरपंच कौशल ठाकुर, खेमन सिंह ठाकुर, देवनारायण साहू, केश्वरी साहू सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए थे।




## धोबनपुरी में शुरू हुई शिव महापुराण कथा...



**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी में शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिवस भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई। पांच दिवसीय भव्य शिव महापुराण का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम जनपद सदस्य गुरुर संध्या अजेंद्र साहू की ओर से आयोजित है। आज 5 जनवरी को शिव विवाह, 6 जनवरी को गणेश प्राकट्य उत्सव एवं 7 जनवरी को ज्योर्तिलिंग हवन पूजा होगा।

### छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा 7 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे बालोद गंजपारा स्थित श्री बड़ादेव शक्तिपीठ में रखी गई है। जिसमें आगामी जिला स्तरीय महाअधिवेशन करने, विगत बैठक के लंबित विषयों एवं प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की जाएगी। मिडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद दिलीप नागवंशी ने बताया कि बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुडरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा एवं अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके समस्त पदाधिकारी, सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, व महिला प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को उपस्थित होने की अपील जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने की है।

## डेढ़ एकड़ खेत में लगी आग, गन्ने की फसल खाक...

**गुरूर।** ग्राम भोथीपार में डेढ़ एकड़ की गन्ना की फसल में बिजली के तार के शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इसके चलते किसान को नुकसान उठाना पड़ा रहा है। भोथीपार के किसान बालीराम साहू, उत्तम साहू के खेत डेढ़ एकड़ में गन्ना की फसल में लगभग 4 :30 बजे के आसपास बिजली की तार से शाट सर्किट होने की वजह से डेढ़ एकड़ की गन्ना की फसल में आग लग गई, जिससे फसल जलकर नष्ट हो गई। गन्ना किसानों ने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



# 22 को कुथरेल में जगमगाएंगे 11 हजार दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर अंचल में भी होंगे विविध कार्यक्रम

विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के तत्वावधान में अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना और उद्घाटन को लेकर पिछले कई महीनों से तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा।

वहीं, छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में उत्साह का वातावरण तो रहेगा ही इसके अलावा हमारा प्रदेश श्रीराम जी का ननिहाल है, यहां भी कई तरह के आयोजन किये जाएंगे। भगवान श्रीराम और मंदिर यह भारतीय जनता पार्टी या किसी सरकार का विषय नहीं है। यह आम जनमानस, हिंदू भावना और भारतीय संस्कृति के आदर्श का विषय है। देश की जनता श्रीराम मंदिर अभियान से जुड़ी है। प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन देश के प्रत्येक गांव, शहर नगर में उत्सव मनाए जाने के आह्वान पर कुथरेल में विविध कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें भगवान श्री रामचन्द्र जी की आरती द्वीप प्रज्वलन एवं महाप्रसाद वितरण आदि शामिल है। इस उपलक्ष्य में विश्व शांति सेवाधाम एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल द्वारा 22 जनवरी को भव्य रामोत्सव का कार्यकम किया जाना है। मिली जानकारी के अनुसार इस दिन प्रभु श्री रामचन्द्र जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, 11000 दीपकों से दीपमहायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती की जाएगी। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी के साथ दिवाली की अनुभूति होगी।

वहीं, यूट्युब चैनल के कलाकारों द्वारा विशेष भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी तथा अयोध्या जन्मभूमि की विजय गाथा, रात्रि में आडियो द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष डायमन देशमुख, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव पेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रेमन देशमुख, संयोजक लोकेश देशमुख द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से जारी है।

# खपरी (सिलोदा) में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 6 व 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी (सिलोदा) में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 एवं 7 जनवरी को वंदेमातरम् क्रीडा मंडल एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से रखा गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता पूर्व मंत्री रमशीला साहू करेंगी।

प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपए नकद एवं विनर ट्राफी प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 15000 रूपए व विनर ट्राफी, तृतीय 10000 व ट्राफी तथा चतुर्थ पुरस्कार 7000 रूपए नकद तथा ट्राफी प्रदान की जाएगी। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए नकद एवं ट्राफी, द्वितीय 7000 रूपए व ट्राफी तृतीय 5000 रूपए नकद व ट्राफी तथा चतुर्थ 3000 रूपए नकद तथा ट्राफी के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार, बेस्ट रेडर, बेस्ट आल राउण्डर, बेस्ट ब्लाकर, बेस्ट कैचर के लिए रखे गए हैं। साथ ही दो दिनों तक ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी डांस धमतरी वालों की कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के संयोजक पूर्व सरपंच नारायण साहू ने बताया कि कबड्डी मैट पर खेली जाएगी।







